दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी


आप सभी को अमन लेखनी परिवार की तरफ से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

वर्ष : 11 | अंक : 40 | लखनऊ, 26 जनवरी , रविवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

































































## सूचना

सभी पाठकों एवं संवाददाताओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 26/01/2025 को अमन लेखनी कार्यालय में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में अवकाश रहेगा अगला अंक 28/01/2025 को प्रकाशित किया जाएगा









## संक्षेप

### एंटी कृपशन टीम ने दरोगा को रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोचा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई में एंटी करप्शन टीम ने हसनगंज थाने के दरोगा बेचन यादव को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। दरोगा ने एक ग्राम प्रधान का नाम विवेचना में जोड़ने के एवज में डेढ़ लाख रुपये की मांग की थी। शिकायत मिलने के बाद एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाया और दरोगा को रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया।इस घटना के बाद पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने कड़ी कार्रवाई करते हुए हसनगंज थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत मिश्रा को पर्यवेक्षण में गंभीर लापरवाही के कारण लाइन हाजिर कर दिया। एसपी ने स्पष्ट किया कि थाने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और भ्रष्टाचार में लिप्त पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।एसपी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाना और जनता का खोया हुआ विश्वास वापस जीतना है। उन्होंने थानों के निरीक्षण में और अधिक सख्ती बरतने का संकेत देते हुए स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह घटना पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है और विभाग की छवि को नुकसान पहुंचाती है।

### राज्यपाल का रिश्तेदार बताकर युवक ने जमकर काटा हंगामा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में शनिवार को एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। मरहलां चौराहे पर कार और डीसीएम की टक्कर के बाद कार सवार युवक ने खुद को राज्यपाल का रिश्तेदार बताते हुए जमकर हंगामा किया। युवक ने मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों से भी अभद्रता की।घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस हरकत में आई। वीडियो में युवक की अभद्रता और धमकियां साफ नजर आ रही हैं। उन्नाव एसपी ने मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए, जिसके बाद गंगाघाट पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया।पुलिस अधिकारियों के अनुसार, युवक की पहचान की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि उसने खुद को राज्यपाल का रिश्तेदार क्यों बताया। साथ ही, युवक के नशे में होने की संभावना की भी जांच की जा रही है।पुलिस ने स्पष्ट किया है कि चाहे कोई कितना भी प्रभावशाली हो, कानून सबके लिए समान है और सार्वजनिक व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि सार्वजनिक स्थान पर इस तरह की अभद्रता किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले की गहन जांच कर दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बंद पड़ी साधन सहकारी समिति 37 साल बाद फिर शुरू

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिले के मोहान विधानसभा क्षेत्र के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। यहां के औरास ब्लॉक में 1986 से बंद पड़ी साधन सहकारी समिति शाहपुर तोदा को नई जिंदगी मिल गई है। प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर की देखरेख में हुए चुनाव में अजय बहादुर सिंह निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं।जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अरुण सिंह ने बताया कि समिति को जल्द ही खाद वितरण का लाइसेंस मिलने वाला है। मार्च 2024 से क्षेत्र के किसान यहीं से खाद खरीद सकेंगे। इससे उन्हें खाद के लिए दूर-दराज के इलाकों में जाने की परेशानी से मुक्ति मिल जाएगी।समिति के शुभारंभ



समारोह में जिला अध्यक्ष अवधेश कटियार और ब्लॉक प्रमुख ज्ञानेंद्र सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय बहादुर सिंह का पुष्पमाला से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में शाहपुर की ग्राम प्रधान सीमा रावत और बेरी गांव के प्रधान विनीत शर्मा समेत कई प्रमुख लोगों ने हिस्सा लिया।

## परिवार की महिलाओं ने आपस में की मारपीट, दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत पांडेयपुर गाँव मे पुरानी रंजिश को लेकर जेठ जेठानी ने देवरानी व उसकी बेटियों को पीट दिया। देवरानी द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने जेठ जेठानी व उसकी बेटियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना क्षेत्र के पांडेयपुर मजरे मलौना निवासिनी सावित्री देवी पत्नी जयचंद्र ने तहरीर देते हुए बताया कि गुरुवार शाम 6 बजे मेरे जेठ रामचन्द्र पुत्र नत्थू राम पुरानी रंजिस को लेकर गाली गलौज करने लगे उनकी पत्नी कमला व दो बेटियो के साथ आकर हमारे दरवाजे पर गाली गलौज करने लगे। इतने में मेरी बेटी गीता ने आकर मना किया तो उनकी बेटीयो उषा व सोनी उनकी पत्नी कमला व रामचन्द्र सभी लोग लात घुसो व डन्डो से मारना





शुरू कर दिया। जिससे मेरी पुत्री के गाल में अधिक चोट आई है तथा पैर में भी चोटे आई है ।उक्त लोग दबंग किस्म के लोग है जो आये दिन लड़ाई-झगड़ा किया करते रहते है ।तथा जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। थाना प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया तहरीर व मेडिकल के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवती का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के डोहा गांव में एक युवती का शव उसके घर पर लटका मिला। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य घर से बाहर थे। जब परिजन घर लौटे तो युवती का शव कमरे की बल्ली पर दुपट्टे के सहारे लटका देख घर में कोहराम मच गया।गांव निवासी सर्वेश की 18 वर्षीय बेटी नीलम का शव उसके घर के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला। नीलम तीन बहनों में से दूसरे नंबर पर थी। उसकी बड़ी बहन का नाम गुड़िया और छोटी बहन का नाम सरिता है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थाना प्रभारी संदीप कुमार मिश्र के अनुसार मामले की जांच जारी है।



परिजन अभी तक युवती की मौत का कोई स्पष्ट कारण नहीं बता पाए हैं। सूत्रों के अनुसार नीलम का विवाह तय हो चुका था, हालांकि इस बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मृतका के बड़े भाई अनूप और मां सुमन समेत सभी परिजन शोक में डूबे हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

## ससुरलीजनो ने युवक को जमकर पीटा, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में एक पंचायत मित्र पर उनके ससुराल पक्ष वालों ने जानलेवा हमला कर दिया। छूही गांव निवासी पंचायत मित्र रशीद अली के घर उनका साला नफीस, सास नूरजहां और अन्य लोग कार से पहुंचे। पत्नी रुबीना को विदा कराने की बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया।विवाद के दौरान नफीस और उसके साथियों ने रशीद के साथ मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं, नफीस ने डंडे से रशीद के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल रशीद को पहले सीएचसी ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।पीड़ित के पिता फेक्का अली की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। शिकायत में बताया गया कि हमलावर रुबीना और नफीस घर में



रखे जेवरात भी साथ ले गए।पीड़ित के पिता फेक्का अली की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। शिकायत में बताया गया कि हमलावर रुबीना और नफीस घर में रखे जेवरात भी साथ ले गए।प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि साला नफीस, सास नूरजहां और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसके आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

## समाजवादी आर्थिक गणतंत्र की मांग

### गोंडवाना पार्टी ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

बलिया, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने कलेक्ट्रेट में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर समाजवादी आर्थिक गणतंत्र की स्थापना की मांग की। पार्टी के सदस्यों ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। इंडियन पीपुल्स सर्विसेज के संस्थापक और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरविन्द गोंडवाना ने कहा कि आजादी, लोकतंत्र और गणतंत्र की सार्थकता तभी है जब हर नागरिक को रोजगार, भोजन और स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें।



उन्होंने कहा कि पार्टी इस लक्ष्य के लिए राष्ट्रव्यापी आंदोलन चला रही है। प्रदेश महासचिव गोपाल जी खरवार ने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकारें संविधान में निहित प्रावधानों की अवहेलना उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा के लिए स्वतंत्रता संग्राम की तरह संघर्ष किया जाएगा। भ्रष्टाचार से मुक्ति के लिए गांव-गांव में जन गोलबंदी की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला संरक्षक सुमेर गोंड, तहसील इकाई अध्यक्ष संजय गोंड सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में ज्ञापन स्वीकार किया।

## शिक्षिका के पति पर जानलेवा हमला

- प्रधानाध्यापक और स्टाफ ने बेल्ट से पीटा, गला दबाया; वीडियो आया सामने

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, प्राथमिक विद्यालय की सहायक अध्यापिका के पति पर जानलेवा हमला किया गया। स्कूल के प्रधानाध्यापक और स्टाफ ने मिलकर पीड़ित को बेल्टों से पीटा। गला दबाने का प्रयास किया। यह घटना 23 जनवरी को हुई, जिसका वीडियो शनिवार को सामने आया। सदर बाजार क्षेत्र की रहने वाली महिला, जो सिंधौली के एक प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापिका हैं, उन्हें उनके पति कार से स्कूल छोड़ने गए थे। आरोप है कि प्रधानाध्यापक और उनके साथियों ने कार रोककर पति को बाहर खींचा और उन पर हमला कर दिया। शिक्षा मित्र, रसोईया और अन्य स्टाफ ने बेल्टों से पीटने के साथ-साथ गला दबाने का भी प्रयास किया, जिससे




पीड़ित को गंभीर चोटें आईं। मामले में एक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि इससे पहले सहायक अध्यापिका ने प्रधानाध्यापक के खिलाफ छेड़छाड़ की एफआईआर दर्ज करवाई थी। सिंधौली थाना प्रभारी महेंद्र सिंह के अनुसार, घटना के दिन दूसरे पक्ष ने सहायक अध्यापिका के पति पर कार चढ़ाने का आरोप लगाया। फिलहाल पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है। पीड़ित ने एसपी से उचित कार्रवाई की मांग की है।

## 3 करोड़ की चिटफंड धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

- ज्यादा ब्याज का लालच देकर लोगों से पैसे ऐंठे, चल रहा था फरार

अमन लेखनी समाचार

रायबरेली, पुलिस ने तीन करोड़ रुपए की चिटफंड धोखाधड़ी के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी दुष्यंत कुमार शुक्ला ने यश भारती एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के नाम से साकेत नगर में एक दफ्तर खोला था। जहां बैंकों से कई गुना अधिक ब्याज देने का लालच देकर एजेंटों के माध्यम से लोगों से पैसे जमा करवाए। जब जमा राशि तीन करोड़ रुपए के करीब पहुंच गई, तो वह दफ्तर में ताला लगाकर फरार हो गया। पीड़ित हरीश तिवारी की शिकायत पर शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। कोतवाल राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर नेटवर्क का उपयोग कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पीड़ितों का कहना है कि वे रोजाना जमा योजना के तहत



कई वर्षों से पैसे जमा कर रहे थे। 11 अक्टूबर 2024 को कलेक्शन होल्डर ने उन्हें कंपनी के भाग जाने की सूचना दी। जब पीड़ित कंपनी मैनेजर से मिलने गए तो वह पहले ही फरार हो चुका था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पूछताछ में अभियुक्त दुष्यंत शुक्ला ने बताया कि उसने सन 2016 में यश भारती ग्रामीण एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी एवं यश भारती निधि लिमिटेड कंपनी खोली थी। जिसमें वह मैनेजिंग डायरेक्टर था। उसने एमसीए कानपुर में अपनी कंपनी रजिस्टर करवाई थी। वह कंपनी के माध्यम से लोगों से डेली डिपॉजिट, आरडी व एफडी के रुपए जमा करता था। लोगों को लोन भी देता था। रुपए एकत्रित होने के बाद वह उसे लेकर फरार हो गया। इस बीच उसने जमा किए गए रुपए यश भारती दुग्ध उत्पादन डेयरी के नाम से एक अन्य कंपनी ग्राम बुकनिहा थाना खीरों, रायबरेली में खोली। दो बीघा जमीन आरटीओ कार्यालय रायबरेली के पास खरीदी थी। कोरोना काल में लॉकडाउन लगने के कारण दुग्ध डेरी में घाटा हो गया। उसने दिल्ली की कंपनी से सॉफ्टवेयर लिया था। सभी कार्य वह ऑनलाइन लैपटॉप से करता था। जब उसे मालूम चला कि उसके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत हो गया तब वह इन मामलों को लेकर अपने वकील से मिलने आया था। जहां पर आज पुलिस ने उसे पकड़ लिया। इस मामले में सीओ सिटी अमित सिंह का कहना है कि थाना कोतवाली के अंतर्गत यश भारती एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी के संचालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत हुआ था। जिसमें 3 करोड़ रुपए की ठगी का आरोप लगा था।

अभियुक्त दुष्यंत शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

## आवारा पशुओं से बचने में फिसली बाइक, पिता की मौत

### शाहजहांपुर में बाजार से लौटते समय हुआ हादसा, बेटे की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, सड़क हादसे में पिता-पुत्र की बाइक आवारा पशुओं से बचने के प्रयास में फिसल गई। हादसे में पिता की मौत हो गई, जबकि बेटा घायल हो गया। थाना खुदागंज क्षेत्र के नवदिया गाजीपुर निवासी शिशुपाल अपने पिता रामपाल के साथ शुक्रवार की शाम बाजार से घर लौट रहे थे। अकबरपुर गांव के पास अचानक कुछ आवारा पशु सड़क पर आ गए। इनसे बचने की कोशिश में बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और परिजनों को सूचित किया। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। रामपाल की गंभीर स्थिति को देखते हुए



उन्हें बरेली रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। शिशुपाल को मामूली चोटें आईं और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह घटना आवारा पशुओं की समस्या की गंभीरता को दर्शाती है, जो क्षेत्र में आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बन रही है।

## दिल्ली से बाइक चोरी कर शाहजहांपुर में बेचने वाला गिरफ्तार

### 25 हजार का इनामी आरोपी नकली आरसी बनाकर रिश्तेदारों को बेचता था गाड़ी

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए 25 हजार रुपए के इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है। थाना निगोही पुलिस ने गिरगिचा निवासी चन्द्रभान उर्फ छोटे लल्ला को डालमिया चीनी मिल के पास से धर दबोचा। आरोपी दिल्ली के जान मोहम्मद के साथ मिलकर एक संगठित गिरोह चलाता था। यह गिरोह दिल्ली और आसपास के इलाकों से बाइक चोरी करता था।



चोरी की बाइकों का चेचिस नंबर बदलकर नकली आरसी तैयार की जाती थी। फिर इन बाइकों को शाहजहांपुर लाकर जान-पहचान वालों और रिश्तेदारों को बेच दिया जाता था। तीन महीने पहले पुलिस ने इस गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, गैंग के दो सदस्य फरार थे। जिनमें से एक चन्द्रभान को पकड़ लिया गया है। मुखबिर की सूचना पर की गई इस कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस अब दिल्ली निवासी दूसरे फरार आरोपी जान मोहम्मद की तलाश में जुटी है, जिसे पकड़ने के लिए विशेष टीम गठित की गई है।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर युवाओं को सम्मान

### नए मतदाताओं को मिले वोटर कार्ड, डीएम बोले – देश के भविष्य के लिए जरूर करें मतदान

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, जीएफ कालेज में 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नए मतदाताओं को वोटर आईडी कार्ड वितरित किए। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुपरवाइजर और बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डीएम ने बताया कि 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं। इसके लिए हर तीन महीने में विशेष अभियान चलाया जाता है। उन्होंने कहा कि नागरिक वोटर हेल्पलाइन एप, ऑनलाइन आवेदन, बीएलओ या सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय के माध्यम से अपना वोट बनवा सकते हैं। कार्यक्रम में डीएम ने कहा कि भारत का लोकतंत्र मतदान पर आधारित है। यह गर्व की



बात है कि भारत में संविधान लागू होते ही सभी को मताधिकार मिला। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नई सोच के साथ देश के उज्जवल भविष्य के लिए मतदान में भाग लें। समारोह में मतदाता शपथ ग्रहण के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें हस्ताक्षर अभियान, सेल्फी पॉइंट पर फोटो सेशन, पोस्टर, निबंध, वाद-विवाद और स्लोगन प्रतियोगिताएं शामिल थीं। इन सभी गतिविधियों के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया।

## सम्पादकीय

# 21वीं सदी में भी जानलेवा क्यों बन रही हैं अफवाहें

अफवाह शब्द सुनते ही सबसे पहले जहन में यही आता है कि इसमें कोई सच्चाई नहीं। इस शब्द का अर्थ भी यही है कि सच पर खरा न उतरना। सामाजिक विज्ञान में ऐसे कथनों को अफवाह कहते हैं जिसकी सत्यपरकता शीघ्र या कभी भी न जांची जा सके। कुछ विद्वान अफवाह को अधिप्रचार (प्रोपेगेंडा) का ही एक रूप मानते हैं, लेकिन अनेक ऐसे मौके आते हैं जब ये अफवाह जनलेवा साबित हो जाती है। ऐसा ही बुधवार को भी हुआ। एक अफवाह के कारण महाराष्ट्र के जलगांव में बड़ा ट्रेन हादसा हो गया है। यहां परधाड़े रेलवे स्टेशन पर पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैल गई। इसके बाद किसी ने चेन पुलिंग कर दी और कई पैसेंजर्स चलती ट्रेन से पटरी पर कूद गए। ये पैसेंजर्स अभी पटरी पर ही थे। इस दौरान दूसरे ट्रैक से आ रही कर्नाटक संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ने कई यात्रियों को कुचल दिया, जिसमें 8 से 10 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि 12629 कर्नाटक संपर्क क्रांति यशवंतपुर से हजरत निजामुद्दीन जा रही थी। जबकि पुष्पक एक्सप्रेस लखनऊ से मुंबई जा रही थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ब्रेक लगाने पर पुष्पक एक्सप्रेस के पहियों से धुआं निकला था। इसी के चलते यात्रियों के बीच ट्रेन में आग लगने की अफवाह फैली। इसके बाद कई यात्रियों ने कोच के बाहर छलांग लगाई थी। यह कोई पहला और आखिरी अवसर नहीं है जब अफवाह जानलेवा साबित हुई हो। देश में यदाकदा ऐसे खबरें देखने और सुनने को मिलती रहती हैं। यह विडंबना ही है कि जागरूक समाज बनाने के दावे के तहत जिस डिजिटल इंडिया के नारे को जोर-शोर से बढ़ावा दिया गया, आज वह बहुत सारे लोगों को ऐसी भीड़ में तब्दील कर रहा है जो किसी खबर पर सोचने और उसके सही या गलत होने का अंदाजा लगा पाने में सक्षम नहीं है। असल में कोई अफवाह तभी खतरनाक होती है जब उसे खारिज न किया जाए या फिर उसे नकारने के लिए पुष्ट सूत्र न हों। हम लगातार देखते आ रहे हैं कि हमारे धार्मिक आयोजनों में ऐसी अफवाह ज्यादा दुःखद रूप लेती है। भारी भीड़ के कारण भगदड़ मचने के और भी कई उदाहरण होते हैं। इसके लिए कहीं न कहीं इंतजामों की कमी भी जिम्मेदार होती है। वास्तव में लोग अपने-अपने ढंग से बात पर भरोसा करते हैं। ऐसे में जरा सी भी ऊंच-नीच हादसे का कारण बन जाती है। भारी भीड़ के बीच छोटी सी अफवाह भी बड़ा रूप ले लेती है। साल 2011 में केरल के इडुक्की जिले में एक जीप सबरीमाला मंदिर में दर्शन कर रहे श्रद्धालुओं से टकरा गई थी। इसके बाद ऐसी अफवाह फैली, जिससे भगदड़ मच गई और इसमें 104 श्रद्धालुओं की जान चली गई। इसी तरह हाथरस में सत्संग स्थल पर सवा लाख लोग मौजूद थे। वहां भी ऐसी ही अफवाह फैली कि बड़ा हादसा हो गया। क्योंकि मौके पर अफवाह को नकारने वाला कोई मौजूद नहीं था। अगर कोई ट्रेन में आग लगने का खंडन करने वाला होता तो आज इस हादसे से बचा जा सकता था। वैसे कहने को तो हमारी रेलवे बहुत सुरक्षित हो रही है। कितना दुःखद है कि ट्रेन में आग लगने की अफवाह फैली और उसे नकारने के लिए कोई मौजूद ही नहीं था। ट्रेन के हर डिब्बे में टीटी होता है। रेलवे पुलिस के जवान भी तैनात रहते हैं। जांच का विषय है कि अफवाह फैलने के दौरान वे सब कहां थे। जब इतनी ज्यादा संख्या में यात्री ट्रेन से कूद रहे थे तब किसी ने उस तरफ ध्यान क्यों नहीं दिया। इसकी जांच करवाकर दोषी को सजा दी जानी चाहिए। जब हम सख्ती दिखाएंगे तभी ऐसे हादसों पर लगाम लगाई जा सकती है।

# दिल्ली में सीएम योगी ने भरी हुंकार चुनावी गणित बदलना तय



लेखक :--- धर्मेन्द्र कुमार सिंह

हिंदी दैनिक अमन लेखनी लखनऊ

दिल्ली विधान सभा का चुनावी संग्राम भीषण होता जा रहा है ।एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोपो की झड़ी लगा जुबानी जंग तेज होती जा रही है। भाजपा आप और कांग्रेस ने दिल्ली की सत्ता हासिल करने के लिए बेताब है। पोस्टर वार से शुरू होकर अब जुबानी जंग तेज हो गई है ।सभी दल पार्टियां एक दूसरे को मात देने के लिए जुबानी तीखे तीर चलाने में जुटी है ।हर कोई अपनी जीत निश्चित बता रहा है । भाजपा आप को सत्ता से बेदखल करने और दिल्ली फतह करने के लिए हर एक दांव आजमा रही है चुनावी मैदान में कोई कोर कसर छोड़ना नहीं चाहती है ।भाजपा ने भ्रष्टाचार शीशमहल व बंगलादेशी और रोहंगिया घुसपैठियों के बाद पूर्वांचलिया और सिक्ख समुदाय के अपमान का मुद्दा भुनाने के साथ अरविंद केजरीवाल द्वारा भ्रामक और मनगढ़ंत अधूरे रामायण का ज्ञान बघारने को ज्वलंत मुद्दा बनाकर अब राम रावण रामायण पर जुबानी जंग शुरू कर नया मुद्दा खड़ा कर दिया । भाजपा ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चुनाव मैदान में उतार दिया है ।योगी ने दिल्ली में ताबड़तोड़ तीन जनसभाएं करके हुंकार भरी और आप पार्टी सहित केजरीवाल को दिल्ली का विकास और यमुना की सफाई न कर पाने के मुद्दे पर घेरते हुए यमुना में मंत्रिमंडल के साथ स्नान करने की चुनौती देते हुए आप सहित केजरीवाल को राजधानी दिल्ली को कूड़ा घर बना देने पर कटघरे में खड़ा किया ।उन्होंने इण्डिया गठबंधन में यूपी के बुलडोजर के खौफ का भी जिक्र किया ।योगी के दिल्ली में हुंकार भरने से दिल्ली का चुनाव दिलचस्प हो गया है ।अब तक की चुनावी गणित और समीकरण बदलना तय माना जा रहा है ।

भाजपा ने दिल्ली में अंतिम चुनावी दांव हिंदू कार्ड चलने के लिए कट्टर हिंदुत्ववादी छवि के भाजपा नेता स्पष्ट वक्ता स्वच्छ एवं बेदाग छवि वाले राष्ट्र भक्त उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री धर्म और कर्म योगी आदित्यनाथ को स्टार प्रचारक बनाकर दिल्ली फतह करने के लिए उतार दिया है ।योगी बाबा दिल्ली में सबसे ज्यादा 14 रैलियां भाजपा के लिए करेंगे ।दिल्ली चुनावी जंग में स्टार प्रचारक के रूप में योगी के कूदने से चुनाव काफी दिलचस्प हो गया है । भाजपा हिन्दू - मुस्लिम फिरकी में दिल्ली का चुनाव घुमाने की फिराक में है ।योगी बाबा ने जंबू कश्मीर हरियाणा सहित महाराष्ट्र के चुनावों में महती भूमिका निभा चुके है ।उन्होंने नारा दिया "बंटेंगे तो कटेंगे" ₹ एक रहेंगे तो नेक रहेंगे ₹ सेफ रहेंगे₹ के नारे को देकर हिंदुओं को एकजुट किया ।योगी का जादू मतदाताओं के सर चढ़कर बोला जिसके सकारात्मक परिणाम आए भाजपा को ऐतिहासिक जीत भी दिलाई ।अब यही प्रयोग करने के लिए भाजपा ने योगी बाबा को दिल्ली के चुनावी समर में फतह हासिल करने के लिए स्टार प्रचारक के रूप में उतार दिया है ।जिससे आप और कांग्रेस दोनो की मुश्किलें बढ़ गई है ।आप पार्टी के लिए इस बार का चुनाव आसानी से फतह करना आसान नहीं है।

दिल्ली में विधानसभा चुनाव फतह करने के लिए भाजपा ने 14 सीटों का जिम्मा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को स्टार प्रचारक के तौर पर पेश करते हुए सबसे ज्यादा रैलियां करने के लिए जिम्मेदारी सौंपी है ।योगी ने 23 जनवरी को किराड़ी, जनकपुरी, उत्तम नगर, में जन सभाएं करके चुनावी बिगुल फूंकते हुए हुंकार भरी अब 28 जनवरी को मुस्तफाबाद, घोंडा ,शाहदरा, पटपड़गंज, 30 जनवरी को महरौली, आर के पुरम ,राजेंद्र नगर, छतरपुर और 1 फरवरी को पालम ,बिजवासन और द्वारका विधानसभा सीटो पर रैलियां जन सभाएं करके आप को सत्ता से बेदखल कर भाजपा की सरकार बनाने की अपील करेंगे। जिसमें योगी बाबा पूर्वांचलियों का मुद्दा और हिंदू एकता का मुद्दा जोर शोर से उठाएंगे इसीके साथ ₹बंटेंगे तो कटेंगे एक रहेंगे तो नेक रहेंगे सेफ रहेंगे₹ के नारे के प्रभावी मुद्दों को धार देने के लिए जनसभाओं में पोस्टर बैनर भी मंच पर लगाए गए है ।योगी की हिंदुत्व और पूर्वांचल एकता की हुंकार से दिल्ली चुनाव की दिशा दशा और चुनावी समीकरण गणित बदलना तय माना जा रहा है।

यहां यह बताना जरूरी है कि बीजेपी ने पटपड़गंज से रवींद्र सिंह नेगी बिजवासन से कैलाश गहलोत मुस्तफाबाद से मोहन सिंह बिष्ट आरके पुरम से अनिल शर्मा महरौली से गजेंद्र यादव घोंडा से अजय महावर किराड़ी से बजरंग शुक्ला उत्तम नगर से पवन शर्मा द्वारका से प्रद्युम्न राजपूत पालम से कुलदीप सोलंकी को और छतरपुर से करतार सिंह तंवर को प्रत्याशी बनाया है ।जिनके लिए योगी वोट मांगेंगे । लेकिन योगी की हिंदुत्व की हुंकार और ललकार का असर दिल्ली की सभी 70 सीटो पर पड़ना तय माना जा रहा है ।

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा दिल्ली में तूफानी और ताबड़तोड़ रैलियां करने से आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ गई है। चूंकि देश की जनता योगी आदित्यनाथ को कट्टर हिंदुत्ववादी नेता मानती है ऐसी स्थिति में दिल्ली में योगी बाबा के प्रचार से काफी हद तक बिखरे हिन्दू वोटर्स एकजुट होने की संभावनाओं के मद्देनजर आप और कांग्रेस दोनो पार्टियां व उनके नेता प्रत्याशी भयभीत और सहमे सकते में है । योगी हिंदुत्व के साथ साथ पूर्वांचलियों को एकजुट करने में पूरी ताकत लगाएंगे ।योगी की ललकार पर पूर्वांचलिया और हिंदू वोटर अधिकांश प्रतिशत एकजुट हो सकते है जो आप की चुनावी गणित को फेल करके भाजपा को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभा सकते है ।यही चुनावी गणित का अनुमान लगाकर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस दोनो की धड़कने बढ़ी हुई है ।योगी की और उनके नारे की काट किसी दल पार्टी के पास अब तक नहीं है ।यूपी के सीएम योगी बाबा की हुंकार से दिल्ली के अब तक लगाए जा रहे कयास और समीकरण चुनावी गणित सभी ध्वस्त होना निश्चित है । हिंदू वोट बैंक पर अपने पक्ष में रिझाने लुभाने और रोकने के लिए आप और कांग्रेस के पास कोई फामूर्ला और चेहरा नहीं है योगी बाबा की कोई काट किसी के पास नहीं है ।हालांकि हिन्दू वोट अपने पक्ष में लाने के लिए आप पार्टी के केजरीवाल और कांग्रेस के राहुल गांधी हिंदुत्ववादी होने का दंभ भरते हुए दिखावा तो करते आए है और अभी भी कर रहे है ।लेकिन आम जनता ने इन दोनों को हिंदुत्ववादी नेता स्वीकार नहीं किया है। जबकि पूरे देश की जनता ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को कट्टर हिंदुत्व वादी नेता के रूप में मानती और जानती तथा स्वीकार भी करती है ।जिसकी मिशाल हाल में हुए जंबू कश्मीर हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव में देखने को मिला । योगी बाबा का जादू मतदाताओं के दिल दिमाग में घुसकर सर चढ़कर बोला है ।भाजपा ने यही प्रयोग दिल्ली में किया है ।योगी दिल्ली में हिंदुत्व के साथ पूर्वांचली कार्ड खेलेंगे जो आप का सुपड़ा साफ करने और भाजपा को दिल्ली फतह कराने के लिए काफी है ।यही वोटर्स अभी तक आप को जीत दिलाते आए है ।

दिल्ली में कुल 70 विधानसभा सीटें हैं ।इनमें से करीब दो दर्जन से अधिक सीटो पर पूर्वांचली वोटरों का दबदबा है ।इन सीटों पर पूर्वांचलिया निर्णायक भूमिका में रहते है। जिसमें बुराड़ी, पटपटड़गंज, उत्तम नगर, बदरपुर, लक्ष्मी नगर, मॉडल टाउन, देवली, अंबेडकर नगर विधानसभा, पालम, विकासपुरी आदि समेत ऐसी कई सीटें हैं जहां पूर्वांचलियो के वोटर 25 से 30 प्रतिशत बड़ी संख्या में रहते हैं। पिछले कुछ चुनावों की बात करें तो पूर्वांचली वोटरों में ज्यादातर ने आम आदमी पार्टी का साथ देकर 2015 और 2020 के चुनाव में आम आदमी पार्टी की ही जीत दिलाई थी ।दिल्ली में पूर्वांचली वोटर सियासी लिहाज से काफी अहम हैं। पूर्वी यूपी और बिहार के वोटरों को पूर्वांचली वोटर कहते हैं उनकी तादाद दिल्ली में अच्छी खासी है।

भाजपा दिल्ली में दो बार आम आदमी पार्टी केजरीवाल से मात खाने के बाद इस बार सत्ता हथियाने के लिए ऐंडी छोटी की ताकत झोंके है ।दिल्ली चुनाव भ्रष्टाचार शीशमहल के साथ बंगला देशी एवं रोहंगिया घुसपैठियों के साथ साथ पूर्वांचलियों और सिक्खों के साथ अब राम रावण रामायण आदि के मुद्दों के इर्द गिर्द ही चुनाव घूम रहा है ।भाजपा ने केजरीवाल के द्वारा जो सीता माता के हरण की कहानी सुनाई गई कि ₹ वनवास के दौरान राम जंगल में खाने की व्यवस्था करने चले गए इधर रावण सोने का हिरन बनकर आया और माता सीता का हरण कर ले गया । केजरीवाल द्वारा रामायण की यह भ्रामक मनगढ़ंत झूठी कहानी रामायण ज्ञान बघारने को भी भाजपा ने लपक कर ज्वलंत और ताजा मुद्दा बनाकर गरम कर रखा है। जिसे हथियार बनाकर भाजपा प्रयोग कर रही है। भाजपा राम रावण और रामायण का ताजा मुद्दा लेकर आप पार्टी सहित केजरीवाल पर हमलावर है। कट्टर हिंदुत्व वादी गोरक्ष पीठ के पीठाधीश्वर नाथ संप्रदाय के प्रमुख संत योगी आदित्यनाथ सीएम यूपी अब आम आदमी पार्टी के संरक्षक दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को रामायण का पूरा ज्ञान देंगे और उन्हें रामायण का पूरा पाठ भी पढ़ाएंगे ।उन्होंने पहली हुंकार में ही केजरीवाल को घेरते हुए विकास और यमुना सफाई का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इन्होंने अपने गुरु अन्ना हजारे को धोखा दिया दिल्ली की जनता को भी योगी ने कहा इन्होंने दिल्ली को कूड़ाघर बना दिया । योगी ने चुनौती दी कि जैसे हमने अपने मंत्रिमंडल के साथ महाकुंभ प्रयागराज गंगा यमुना संगम में डुबकी लगाई क्या केजरीवाल भी अपने मंत्रिमंडल के साथ दिल्ली की यमुना में डुबकी लगाएंगे ?

दिल्ली के चुनावी समर में योगी की हिंदुओं और पूर्वांचलियों को लामबंद करने और एकता की हुंकार भरकर दिल्ली के चुनाव के समीकरण और चुनावी गणित बदल कर भाजपा को दिल्ली फतह करने में महती भूमिका होगी । सीएम योगी बाबा के चुनावी कमलव्यूह और चक्रव्यूह को तोड़ पाना आप और कांग्रेस के बस की बात नहीं है । आप पार्टी और कांग्रेस दोनो भाजपा की फिरकी में फंसे फड़फड़ा रहे है ।राजधानी दिल्ली की सत्ता पाने के लिए सभी बेताब और बेचैन होकर एक दूसरे पर जुबानी तीखे तीर चलाने में जुटे है ।दिल्ली की जनता सबको देख और सुन रही है ये पब्लिक है साहब सब कुछ जानती है ?

लेखक – वरिष्ठ पत्रकार चिंतक विचारक आलोचक एवं टिप्पणीकार हैं

## जयंती विशेष

कृष्ण प्रताप सिंह



# जय-पराजय को जीवन संघर्ष का अभिन्न अंग मानते थे बोस

वह चार जुलाई,1944 का दिन था, जब आजाद हिन्द फौज के सुप्रीम कमांडर के तौर पर नेताजी सुभाषचन्द्र बोस ने बर्मा (अब म्यांमार) में 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' के नारे के साथ भारतीयों से आजादी की कीमत चुकाने का आह्वान किया। उस वक्त उनके शब्द थे, '...अपनी कमर कस लें। यहां किसी को भी आजादी का आनंद लेने के लिए जीने की इच्छा नहीं होनी चाहिए। एक लंबी लड़ाई हमारे सामने है। आज हमारे अंदर बस एक ही इच्छा होनी चाहिए- मरने की इच्छा...ताकि भारत जी सके...ताकि आजादी के रास्ते शहीदों के खून से प्रशस्त हो सकें।' अनंतर, उन्होंने एक इससे भी बड़ी बात कही थी। यह कि आज़ादी दी नहीं जाती, ली जाती है और जो लोग अपने लिए आजादी चाहते हैं, उनका कर्तव्य है कि उसकी कीमत अपने खून से चुकाएं। इससे पहले उनके नेतृत्व में न सिर्फ निर्वासित आजाद हिन्द सरकार का गठन किया जा चुका था, बल्कि इस सरकार की इसी नाम की फौज ने अपने सैन्य अभियान का पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया था और अपने ऐतिहासिक 'दिल्ली चलो' अभियान की कामयाबी के विश्वास से भरी हुई थी। लेकिन विडम्बना कि इसके कुछ ही दिनों बाद भारत की एक-एक इंच भूमि को फिरंगियों के कब्जे से आजाद कराने की उनकी उम्मीदों पर घोर तुषारापात का दौर आरम्भ हो गया और कोहिमा में 4 अप्रैल, 1944 से 22 जून 1944 के बीच तीन चरणों में लड़े गये विकट युद्ध में हाथ आई पराजय ने उसकी धुन व सपनों दोनों का अंत कर दिया। ऐसा नहीं हुआ होता तो निस्संदेह, आज हमारे देश का इतिहास कुछ और होता। वह तब भी कुछ और ही होता, अगर हमने असमय नेता जी को खो नहीं दिया होता। क्योंकि वे इस एक पराजय से विचलित होकर फिरंगियों का प्रतिरोध त्याग देने वाले नहीं थे और जय और पराजय को जीवन संघर्ष का अभिन्न अंग मानते थे। वे कहते थे कि अगर जीवन में संघर्ष न रहे और किसी भय का सामना न करना पड़े, तो जीवन का आधा स्वाद ही समाप्त हो जाता है।' गैरबराबरी को लेकर तो उनका चिंतन इस मोड़ तक पहुंच गया था कि कई बार वे स्वयं से ही पूछते थे : यदि हमारे समाज में एक भी व्यक्ति ऐसा है जो अपनी आवश्यकताएं पूरी नहीं कर सकता तो मुझे सुखी जीवन जीने का क्या अधिकार है? अपने छुटपन में वे अपने घर के सामने भीख मांगकर गुजारा करने वाली एक वृद्धा के कष्ट देखकर बहुत विचलित हो जाते और सोचने लगते थे कि देश में यह कैसी व्यवस्था है जिसमें उसे दो जून की रोटी भी नसीब नहीं होती और वह जाड़े, बरसात, धूप और आंधी-तूफान से बचने के लिए सिर छुपाने की जगह की भी मोहताज है? उन्हें उसकी समस्या का तत्काल कोई निदान नहीं सूझा तो उन्होंने बस के बजाय पैदल कॉलेज जाना शुरू कर दिया और इससे बचने वाले पैसों से उसकी मदद करने लगे थे। आगे चलकर संभवतः इसी तरह के सवालों के जवाब ढूंढते-ढूंढते उन्होंने उन दिनों की सबसे प्रतिष्ठित इंडियन सिविल सर्विस (आईसीएस) में अपने चुनाव के बावजूद उसके फलस्वरूप मिलने वाला सुख-समृद्धि व सुविधाओं वाला जीवन त्याग दिया और स्वतंत्रता संघर्ष का कांटों से भरा हुआ रास्ता चुन लिया। प्रसंगवश, आईसीएस के इंटरव्यू के दौरान भी उन्हें गुलामी का एक बेहद तल्ख अहसास हुआ था। दरअसल, इंटरव्यू में अंग्रेज अफसर भारतीय अभ्यर्थियों से जान-बूझकर उलटे-सीधे प्रश्न पूछकर उन्हें अपमानित कर रहे थे। उनकी बारी पर उन्होंने उनसे भी मजाक उड़ाने के लिए पूछा कि छत पर जो पंखा घूम रहा है, उसमें कितनी पंखुड़ियां हैं? उन्होंने तेज गति से चल रहे पंखे पर नजर डाली तो अफसर उन पर हंसने लगे। लेकिन उन्होंने संतुलन खोये बगैर कहा 'हम भारतीय अपनी बुद्धि से जटिल से जटिल प्रश्न का हल खोज लेते हैं, यह प्रश्न तो उसके आगे कुछ भी नहीं है।' फिर वे उठे और पंखे का स्विच ऑफ कर दिया। फिर उसके रुकते ही उसकी पंखुड़ियां गिनीं और उनकी संख्या बता दी। उनकी सहृदयता की एक मिसाल यह थी कि छात्र जीवन में उनके एक मित्र को चेचक हो गई। सुभाष ने उस मित्र के पास पहुंचकर उसकी सेवा-सुश्रूषा शुरू कर दी।

## कृष्ण योग के सूत्र




संकलित

दर्शन

भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार सिर्फ शरीर का नियमन ही योग नहीं है, बल्कि आत्मा के साक्षात्कार के लिए किया गया हरेक प्रयास योग की श्रेणी में आता है। इसी कारण श्रीकृष्ण को योगेश्वर कहा जाता है । वे जनक हैं योग के, धाराएं बहती हैं उनसे योग की, बस जिसको जो आयाम स्पर्श करता है, वह उस आयाम पर अग्रसर हो जाता है। आप जिस योग को योग मानते है, वह पतंजलि योग है। पतंजलि सबसे बड़े वैज्ञानिक है अंतर्जगत के। उनकी पहुंच एक वैज्ञानिक मन की है। उनके पास वैज्ञानिक मस्तिष्क है, लेकिन उनकी यात्रा भीतरी है। किंतु हमारे कृष्ण योगेश्वर हैं । वे दृष्टि देते हैं, स्वतंत्रता देते है, प्रेम और करुणा से आपको भरते है। वे जिससे आपको भरते हैं, वे वह स्वयं ही हैं, इसीलिए कृष्ण का योग धारा बन जाता है, आपसे आपको मिलता है और एक दिन केवल वही ही बचते हैं, आप उनमें मिल जाते हैं। कुछ कृष्ण के योग के पहलू जो केवल हम श्रवण करते हैं, पढ़ते हैं, पर वे सूत्र हैं कृष्ण-योग के 'तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम' अर्थात इससे समत्वबुद्धि योग के लिए ही चेष्टा करो, यह समत्वबुद्धि-रूप योग ही कर्मों में चतुरता है। अर्थात कर्मों में कुशलता को ही योग कहते है। कृष्ण तीन शब्दों का प्रयोग करते हैं-अकर्म, कर्म और विकर्म। कर्म वे उसे कहते हैं, सिर्फ करने को ही कर्म नहीं कहते। अगर करने को ही कर्म कहें, तब तो अकर्म में कोई जा ही नहीं सकता। फिर तो अकर्म हो ही नहीं सकता।

## स्वयं के धर्म की चिंता




संकलित

प्रेरणा

एक आदमी तालाब के किनारे बैठ कर कुछ सोच रहा था। तभी उसने पानी में किसी के डूबने की आवाज सुनी और उसने तालाब की तरफ देखा तो उसे एक बिच्छू तालाब में डूबता दिखाई दिया। अचानक ही वह आदमी उठा और तालाब में कूद गया। उस बिच्छु को बचाने के लिए उसने उसे पकड़ लिया और तालाब के बाहर लाने लगा। इससे घबराकर बिच्छू ने उस आदमी को डंक मारा। आदमी का हाथ खून से भर गया वो जोर-जोर से चिल्लाने लगा, उसका हाथ खुल गया और बिच्छू फिर पानी में गिर गया। आदमी फिर उसके पीछे गया। उसने बिच्छु को पकड़ा। लेकिन बिच्छू ने फिर से उसे काट लिया। यह बार-बार होता रहा। यह पूरी घटना दूर बैठा एक आदमी देख रहा था। वो उस आदमी के पास आया और बोला - अरे भाई ! वह बिच्छू तुम्हे बार-बार काट रहा है। तुम उसे बचाना चाहते हो, वो तुम्हे ही डंक मार रहा है। तुम उसे जाने क्यूँ नहीं देते? मर रहा हैं अपनी मौत, तुम क्यूँ अपना खून बहा रहे हो? तब उस आदमी ने उत्तर दिया - भाई ! डंक मरना तो बिच्छू की प्रकृति है। वह वही कर रहा है लेकिन मैं एक मनुष्य हूँ, और मेरा धर्म है दूसरों की सेवा करना और मुसीबत में उनका साथ देना। अतः बिच्छू अपना धर्म निभा रहा हैं और मैं मेरा।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### नव वर्ष का संकल्प कैसा हो

नववर्ष एक खाली पन्नों की किताब की तरह खड़ा होता है, अब यह हमारे ऊपर निर्भर होता है कि हम उस पहले पन्ने पर क्या लिखेंगे। इस किताब को अवसर कहते हैं और पहला पन्ना पहला दिन है। नववर्ष 2025 का अंग्रेजी महीना आरंभ हो गया। नया वर्ष, नई उमंग लेकर आता है। नववर्ष पर हम एक-दूसरे को बधाइयां देते हैं, बहुत से लोग इस दिन धार्मिक स्थलों की यात्रा कर इस वर्ष में सब कुछ मंगलमय हो, यह कामना करते हैं। वक्त का पहिया चलता रहता है। कितने युग इस पहिए के आगे आए, कितने पीछे छूट गए, ऐसे ही साल आते हैं और बीत जाते हैं। संकल्प लें कि हम खुद की खुशियों के साथ-साथ दूसरों की जिंदगी में भी खुशियों को लाने की कोशिश करेंगे।

*-जगजीवन राम साहू, रायपुर*

## ट्रेंड

### दिल्ली में भी होगा विकास



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भारत को अधोसंरचना के क्षेत्र में शिखर पर पहुंचा दिया है। अब दिल्ली को भी विकास और प्रगति की मुख्यधारा से जुड़ना होगा।

-ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री

### ग़लत बटन मत दबा देना



बहुत मेहनत से दिल्ली के स्कूलों को ठीक किया है। ये लोग आ गए तो दिल्ली के सरकारी स्कूल बंद कर देंगे और स्कूलों की ज़मीनें अपने दोस्त को दे देंगे। ग़लत बटन मत दबा देना। नहीं तो आपके बच्चों का भविष्य ख़राब हो जाएगा।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### सबको साथ लेकर चलें



दान या परोपकार करना अच्छी बात है। परन्तु दाता के मन में अहंकार और बदले में प्रशंसा पाने की इच्छा रहती है, तो समाज में मानवीय गरिमा स्थापित नहीं हो सकती। जो किसी भी कारण से पीछे छूट गए हैं, उन्हें साथ लेकर चलना ही धर्म है।

-कैलाश सत्यार्थी, बाल अधिकार कार्यकर्ता

### देश में पर्याप्त संसाधन



यदि उचित रूप से दोहन किया जाए, तो भारत के पास ईवी को बिजली देने, बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और हरित प्रौद्योगिकियों को विकसित करने और तैनात करने के लिए संसाधन हैं जो हमारे भविष्य के लिए आवश्यक हैं।

-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# चीन के करीब आ रहे पूर्व अमेरिकी सहयोगी देश

अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पदासीन होने के साथ ही, जो बाइडन के समय में अमेरिका के सहयोगी रहे जापान और भारत जैसे देशों के साथ चीन के संबंध बेहतर होने शुरू हो गए हैं। वाशिंगटन में सोमवार को हुआ नेतृत्व परिवर्तन चीन के लिए एक अवसर हो सकता है, जिसने लंबे समय से अपने बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की "समान विचारधारा वाले देशों" के साथ साझेदारी बनाने की रणनीति के खिलाफ आवाज उठाई थी। बाइडन ने 'क्वाड' नामक समूह को फिर से मजबूत किया जिसमें अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया हैं। अमेरिका के इन तीनों साझेदारों के साथ चीन के संबंध बेहतर हो रहे



## ऑफ बीट

# भारत, सिंगापुर राजनयिक संबंधों के 60 साल पूरे

सिंगापुर में भारतीय उच्चायोग सिंगापुर फिल्म सोसाइटी के सहयोग से भारतीय फिल्म महोत्सव 2025 (आईएफएफ 2025) का आयोजन करेगा और दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 60 साल पूरे होने के मौके पर सिंगापुर की जनता के लिए 18 फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी। उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले ने कहा कि इस महोत्सव को वार्षिक आयोजन बनाने के प्रयास किए जाएंगे, जो इस साल 24 जनवरी से शुरू होकर 2 मार्च तक चलेगा। अंबुले ने बुधवार को कहा, ''दशकों पहले बनीं क्लासिक फिल्मों से लेकर क्षेत्रीय भाषाओं की हिट फिल्मों तक की मिश्रित श्रृंखला का चयन किया गया है।



## संक्षेप

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने पैदल जा रहे युवक को रौंदा, चालक फरार**

बांदा, उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मटौंध थाना क्षेत्र के जखौरा गांव का रहने वाला अर्जुन कोरी रात करीब 10 बजे श्रीराम तालाब के पास से अपने घर की ओर पैदल जा रहा था। इसी दौरान हरदौनी गांव से आ रहे एक खाली ट्रैक्टर ने बसरही चौराहे के पास उसे रौंद दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन समेत फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### सरकारी अस्पताल में खड़ी कार में लगी आग

**लोगों ने बाल्टी से पानी डालकर पाया काबू, मरीजों में दिखी दहशत**

रोहित कुमार प्रजापति, अमरोहा, सरकारी अस्पताल में एक बड़ी दुर्घटना टलते-टलते बची। मोहल्ला कोट स्थित सरकारी अस्पताल परिसर में खड़ी एक पुरानी कार में अचानक आग लग गई। आग की लपटें इतनी भयानक थीं कि वह पास खड़ी दूसरी गाड़ियों की तरफ भी बढ़ने लगीं। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। स्थानीय नागरिकों ने बाल्टियों से पानी डालकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। हालांकि, तब तक पुरानी कार पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। इस घटना से अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मरीजों और उनके परिजनों में दहशत फैल गई। सौभाग्य से इस हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचकर आग लगने के कारणों की जांच कर रहा है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### एमबीबीएस में चयनित हो जीशान ने बढ़ाया मान

अयोध्या। सोहावल तहसील के अरकुना चौराहा निवासी मोहम्मद जीशान ने एमबीबीएस में चयनित होकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। क्षेत्र के मशहूर चिकित्सक डॉ मोहम्मद अंसार खान के पुत्र मोहम्मद जीशान ने कड़ी मेहनत के बल पर यह सफलता अर्जित किया है। मो जीशान खान ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों एवं माता पिता को दिया है। इस मौके पर जीशान ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास से ही सफलता मिलती है, उन्होंने युवाओं और छात्रों को कहा कि जब तक सफलता न मिले तब तक लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मेहनत करते रहें। मेधावी छात्र मोहम्मद जीशान की सफलता पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। हर्ष व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से डॉ मोहम्मद अंसार खान, मास्टर मो रिजवान, आशिक अली, मौलाना निसामुद्दीन, सतीश कुमार गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता समेत कई अन्य शामिल रहे।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर विशाल रैली का आयोजन

**सभी मतदाता बढ़-चढ़कर भारत के मतदाता बनेः आलोक प्रसाद ज्वाइंट मजिस्ट्रेट**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर तहसील कैसरगंज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तहसील कैसरगंज से कस्बा कैसरगंज का हजारों की संख्या में स्कूली बच्चों के साथ राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। एसडीएम आलोक प्रसाद ने लोगों से अपील की की हमारे देश का भविष्य नौजवानों के कंधों पर है। भारत के सभी लोग अच्छे राष्ट्र के निर्माण के लिए पहले वह भारत के मतदाता बने फिर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। कस्बा कैसरगंज में विशाल रैली निकालकर आम लोगों में यह संदेश दिया गया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग मतदाता बने और अपने मताधिकार का सही उपयोग करें। जिससे एक अच्छे राष्ट्र की निर्माण हो सके। इस मौके पर तहसीलदार अभय राज पांडे नायब तहसीलदार ब्रह्मदिन यादव नायब तहसीलदार पी पी गिरी लेखपाल पवन चौहान एवं पुलिस के जवान काफी संख्या में मौजूद रहे।

# सरसों के बेहतर उत्पादन के लिए वैज्ञानिक विधि से खेती करें किसानः डॉ शशिकांत

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

बहराइच। आचार्य नरेंद्र कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा द्वारा ग्राम भवानियापुर टिकुरी में प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. एस के यादव द्वारा की गई उन्होंने किसानों को संबोधित कर बताया कि सरसों की बेहतर पैदावार के लिए नाइट्रोजन, फास्फोरस, और पोटाश का संतुलित उपयोग आवश्यक है। खेत की मिट्टी के परीक्षण के आधार पर सही मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए। गोबर की खाद या कम्पोस्ट का उपयोग भी मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाने में मदद करता है। यदि आप एनपीके 12:32:16 का उपयोग कर रहे है तो प्रति एकड़ एक बेग एनपीके साथ में 5 किलो सल्फर और 10 किलो पोटाश डाले यदि खेत में 3 सालो तक जिंक का उपयोग नही किया है तो 3 किलो जिंक डाले फसल को मिटटी जनक कीटो से बचाने के लिये फोरेट 10 किलो या क्लोरोपायरीफास या फिर क्युनालफास का उपयोग कर सकते है केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर सुनील कुमार ने सरसों की आरएच 725 किस्म की विशेषताओं के बारे में बताया कि यह प्रजाति 136 से 143 दिनों में पक कर तैयार हो जाती है। इसकी फलियां लंबी होती हैं व फलियों में दानों की संख्या 17-18 तक है तथा दानों का आकार मोटा है। इनके अतिरिक्त इसकी फलियों वाली शाखाएं लंबी होती हैं एवं उनमें फुटाव भी ज्यादा है। आरएच 725 सरसों में

तना गलन की समस्या नहीं होती।यह किस्म कम सिंचाई में भी अच्छी पैदावार देती है।इसकी फलियां लंबी और मोटी होती हैं।इसके दानों का आकार मोटा होता है। इसमें 45-55 दिनों में फूल आने लगते हैं। यह 136-145 दिनों में पक जाती है।

यह किस्म प्रति हेक्टेयर 25-27 क्विंटल तक उत्पादन देती है। इसमें 40 फीसदी तक तेल होता हैकिसानों को उन्नत और अच्छी है। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पीके सिंह ने किसानों को बताया कि इस किस्म में तना गलन की समस्या दूर होगी। कई बार सरसों की फसल में तना गलन की समस्या होती है, जिससे उखड़ जाती है। आम भाषा में इसे उखेड़ा कहते है। इस बीमारी का जल्दी से किसानों को पता ही नहीं चलता। ऐसे में पैदावार में भी कमी आती है। इसमें ऐसा नहीं होगा। किसानों को पूरी पैदावार मिलेगी। एक तरह से किसानों के लिए यह फायदेमंद होगी। केंद्र के वैज्ञानिक रेनू आर्या ने बताया कि सरसों के तेल स्वास्थ्य के लिए बहुत गुणकारी होता है। सरसों का तेल इम्यूनिटी बढ़ाता है।यह आंखों की रोशनी बढ़ाता है। यह जोड़ों के दर्द में आराम देता है। यह भूख बढ़ाने में मदद करता है यह ब्लड सकुर्लेशन को बेहतर करता है।

# रिक्शा की बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**दो अभियुक्तों के कब्जे से चार अदद बैटरी व एक रिक्शा बरामद**



अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा अपराध एवं अपराधियों एवं रोकथाम जुर्म जरायम के दृष्टिगत चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक नानपारा प्रदीप कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 0039/2025 धारा 303(2)बीएनएस 2023 थाना कोतवाली नानपारा का 24 घंटे के अंदर सफल अनावरण करते हुए चोरी हुए चार अदद बैटरी व चोरी करने में प्रयुक्त एक अदद ई रिक्शा को अभियुक्त इमरान पुत्र रसीद व जावेद पुत्र नसीब निवासी लक्ष्मणपुर मेहरबान नगर के कब्जे से हाडा बसहरी ( रेलवे क्रॉसिंग) के पास से बरामद करते हुए आवश्यक कार्रवाई करते हुए अभियुक्तों को माननीय न्यायालय बहराइच रवाना किया गया।

# कूड़ा पृथक केंद्र का ब्लॉक प्रमुख ने किया लोकार्पण

**कचरा वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। विकासखंड कैसरगंज के ग्राम पंचायत चूलंबा में कूड़ा पृथक केंद्र /आर आर सी सेंटर का ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह बिसेन ने फीता काटकर लोकार्पण किया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी कैसरगंज अपर्णा भी मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन ग्राम पंचायत सचिव व प्रभारी एडीओ पंचायत हनुमत सिंह ने किया। ग्राम पंचायत सचिव ने बताया कीकूड़ा पृथक केंद्र ,आरआर सी सेंटर, में ग्राम पंचायत का कूड़ा इकट्ठा करके इस केंद्र पर लाया जाता है। जहां पर लोहा, प्लास्टिक, शीशा, बोतल, आदि कचरासे अलग-अलग किया जाता है। जिस इकट्ठा करके बेच दिया जाएगा। जिससे ग्राम पंचायत की आई होगी और ग्राम पंचायत को निर्मल और उज्जवल बनाने के लिए सरकार द्वारा भर्षक प्रयास किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के समापन के मौके पर ग्राम प्रधान की अगुवाई मेंब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह और खंड विकास अधिकारी ने गरीबों और निर्धन परिवार के लोगों को कंबल वितरण किया। कंबल प्रकार लोगों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर प्रभारी ए डी ओ पंचायत हनुमत सिंह, एडीओ ईएसबी सुनील कुमार नंदा, तकनीकी सहायक अविनाश श्रीवास्तव, तकनीकी सहायक सुरेश कुमार ग्राम पंचायत सचिव योगेश कुमार, ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह, अखिलेश कुमार, डब्लू सिंह, विनोद सिंह सहित पुरुष और महिलाएं मौजूद रही।

# टाइगर क्रिकेट क्लब टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। सीमावर्ती क्षेत्र के सिंह क्रिकेट ग्राउंड कबिराजगांव (कलवारी) में शनिवार को सिंह क्लब के द्वारा 10 दिवसीय क्रिकेट टूनामेंट का शुभारम्भ हुआ। जिसका उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश सिंह ने फीता काट कर एवं बल्लेबाजी कर किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख श्री सिंह ने कहा कि क्रिकेट के क्षेत्र में ग्रामीण परिवेश के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। अगर बेहतर मंच मिले तो क्षेत्र के युवा अपने गांव,विकास खंड नवाबगंज का नाम ऊंचा कर सकते है। इस टूनामेंट में 16 टीमें भाग ले रही है। उद्घाटन मैच रायबोझा क्रिकेट क्लब और भवनियापुर क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। 12 ओवर के सीमित मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी भवनियापुर के खिलाड़ियों ने 08 विकेट गंवा कर 130 रन बनाया। जवाबी पारी खेलते हुए रायबोझा की टीम ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए ओवर के आखिरी गेंद पर एक रन खेलकर 9 विकेट खोकर 131 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। 40 रन एवं 4 बहुमूल्य विकेट लेने वाले शिवराम वर्मा को टूनामेंट का मैच ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। इस मौके पर टूनामेंट आयोजक प्रवीण सिंह, जीतू लाला, मो0 साहबू, सोभित सिंह, कलामुद्दीन, अनुज रत्नाकर, दीपक कुमार, सिब्बू सिंह, मदन वर्मा, अभिषेक सिंह, पियूष सिंह सहित क्षेत्र के सैकड़ो खेलप्रेमी उपस्थिति रहे।

# फिजूल खर्चों पर रोक लगाता है सामूहिक विवाहः राजरानी रावत

- 465 जोड़ो का हुआ सामूहिक विवाह, अधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने दिया आषीर्वाद

अमन लेखनी समाचार



बाराबंकी। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत राजकीय इण्टर कालेज ऑडीटोरियम .में वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में 459 हिन्दू तथा 06 मुस्लिम, कुल 465 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, सीडीओ अन्ना सुदन मुख्य विकास अधिकारी, पुलिस अधीक्षक दिनेष कुमार सिंह व भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी मौजूद रहे। हिन्दू जोड़ों का विवाह गायत्री परिवार तथा मुस्लिम जोड़ों का निकाह मुफ्ती अख्तर इमाम जामा मस्जिद द्वारा सम्पन्न कराया गया।उपस्थित अतिथियों ने नव दाम्पत्य को आशीर्वाद एवं शुभकामना देते हुए उत्तरोत्तर वृद्धि करने की कामना किया गया। सामूहिक विवाह की पावन बेला पर नव युगल को पवित्र गठबंधन के दाम्पत्य सूत्र के आत्मीय संबंधों के साथ गृहस्थ आश्रम में प्रवेश कर जन्म जन्मांतर के पारिवारिक एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के कर्तव्य निर्वहन हेतु जीवन की नई पारी पर वर वधू को आशीर्वाद एवं शुभकामना दिया गया। इस मौके पर बोलते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने कहा कि सामूहिक विवाह योजना द्वारा शादी पर होने वाले अपव्यय पर रोक लगती है जिससे गरीब आदमी भी अपनी बहन, बेटी-बेटा की शादी खुशहाली के साथ संपन्न कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि शुभ विवाह, पाणिग्रहण संस्कार जीवन का एक पवित्र गठबंधन है जिसमें पति पत्नी एक दूसरे के साथ समर्पित जीवन जीते हुए समाज एवं देश में अपना योगदान देते हैं।य

# नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत रायबरेली में संकल्प नशा मुक्ति एवं स्वास्थ्य सेवा केंद्र का किया गया उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार



रायबरेली ऊंचाहार एनटीपीसी लिमिटेड ने अपनी कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पहल के तहत समाज के उत्थान और स्वास्थ्य सुधार के प्रति अपने समर्पण को आगे बढ़ाते हुए रायबरेली में ?संकल्प नशा मुक्ति एवं स्वास्थ्य सेवा केंद्र? का शुभारंभ किया यह केंद्र एनटीपीसी लिमिटेड और सोसाइटी फॉर वॉलंटरी एक्शन एंड रिसर्च (एसवीएआर) के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है इस नशा मुक्ति केंद्र का उद्घाटन रायबरेली के अपर जिलाधिकारी (एडीएम) श्री विशाल कुमार यादव ने किया। इस विशेष अवसर पर एनटीपीसी ऊंचाहार की मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा, जीवन ज्योति अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ मधु सिंह, और एसवीएआर के अध्यक्ष मनोज शुक्ला समेत कई गणमान्य अतिथि और संगठन के सदस्य उपस्थित रहे 15 बिस्तरों वाले इस नशा मुक्ति केंद्र का मुख्य उद्देश्य नशा पीड़ित व्यक्तियों को निःशुल्क इलाज प्रदान करना और उन्हें एक स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। यह परियोजना बारह महीनों की अवधि में संचालित की जाएगी और इसका फोकस रायबरेली जिले के लोगों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाना और उनकी जीवन गुणवत्ता को उन्नत करना है इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी श्री विशाल कुमार यादव ने कहा?एनटीपीसी का यह प्रयास समाज के लिए एक अनुकरणीय कदम है नशा मुक्ति के क्षेत्र में यह केंद्र जरूरतमंदों को मदद देकर उनका जीवन बेहतर बनाएगा एनटीपीसी की मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा ने अपने संबोधन में कहा, ?हमारा लक्ष्य सिर्फ बिजली उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि हम समाज के कल्याण के लिए भी प्रतिबद्ध हैं यह केंद्र नशा पीड़ित व्यक्तियों को एक नई राह दिखाने में सहायक होगा।?केंद्र में विशेष रूप से प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी और परामर्शदाता नशा पीड़ितों को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सेवाएं प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त, समुदाय में जागरूकता अभियान भी चलाए जाएंगे, ताकि नशा मुक्ति के प्रति लोगों को संवेदनशील बनाया जा सके। यह पहल एनटीपीसी की उस व्यापक दृष्टि का हिस्सा है, जिसके तहत कंपनी समाज के हर वर्ग के कल्याण और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देती है

# टीबी मुक्त भारत का संकल्प

**कस्तूरबा विद्यालय में दिलाई गई शपथ, बताए टीबी के लक्षण और बचाव**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, बल्दीराय स्थित कस्तूरबा विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय के टीबी विभाग की टीम ने विद्यालय पहुंचकर छात्रों और स्टाफ को टीबी से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक आशीष शुक्ला ने बताया कि 'टीबी हारेगा, देश जीतेगा' अभियान के तहत सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने टीबी के प्रमुख लक्षणों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी, बुखार, रात में पसीना आना, भूख न लगना, बलगम में खून आना और वजन में लगातार कमी आना टीबी के संकेत हो सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बताया कि प्रत्येक माह की 15 तारीख को सभी स्वास्थ्य केंद्रों और हेल्थ वेलनेस सेंटर पर टीबी की जांच की जाती है। टीबी के मरीजों को सलाह दी गई कि वे किसी भी परिस्थिति में डॉट्स का कोर्स न छोड़ें। साथ ही यह भी बताया गया कि टीबी के जीवाणु खांसने और छींकने से फैलते हैं, इसलिए खांसते समय मुंह को रुमाल से ढककर रखना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी छात्रों और कर्मचारियों को टीबी मुक्त भारत बनाने की शपथ दिलाई गई। साथ ही टीबी उन्मूलन अभियान को सफल बनाने के लिए सभी से सक्रिय सहयोग की अपील की गई। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर रमेश यादव, एसटीएस आशीष शुक्ला, वार्डन तारा देवी, नंदलाल यादव, डॉ आकांक्षा, डॉ गरिमा, प्रगति सिंह, सरिता श्रीवास्तव, राम मूर्ति यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# 24 घंटे में 1155 वाहनों की जांच

**अमेठी में 311 वाहनों का चालान; 59 से काली फिल्म हटाई गई**



अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर पिछले 24 घंटों में चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान में 1155 वाहनों की जांच की गई। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 311 वाहनों का चालान किया गया और 59 वाहनों से अवैध काली फिल्म हटाई गई। पुलिस की इस कार्रवाई में एक शराबी वाहन चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई, साथ ही तीन वाहनों को सीज किया गया। यह अभियान जिले के सभी थाना क्षेत्रों में चलाया गया, जिससे वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। डीएम निशा अनंत और एसपी अपर्णा रजत कौशिक के नेतृत्व में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के बढ़ते आंकड़ों को नियंत्रित करना है। पुलिस प्रशासन का मानना है कि इस तरह के नियमित अभियानों से लोग यातायात नियमों का बेहतर पालन करेंगे और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

# मेडिकल कॉलेज स्टाफ ने प्रसूता और परिजनों को पीटा

**मृत बच्चे की डिलीवरी को लेकर की थी शिकायत, इलाज में लापरवाही का आरोप**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, मेडिकल कॉलेज के महिला अस्पताल में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। मृत बच्चे की डिलीवरी के बाद दर्द से पीड़ित प्रसूता और उसके परिजनों के साथ मेडिकल स्टॉफ ने मारपीट की। बुधवार को सामने आए वीडियो में दिख रहा है कि स्टॉफ ने प्रसूता को फर्श पर घसीटा और उसकी पिटाई की। घटना की जानकारी के अनुसार, कोतवाली नगर के करौंदिया निवासी बब्लू की पत्नी अमृता को सुबह 3 बजे प्रसव पीड़ा के चलते महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दो अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में जच्चा-बच्चा की स्थिति सामान्य थी। डॉ. कुसुमलता ने डिलीवरी कराई, जिसमें बच्चा मृत पैदा हुआ। प्रसूता को लगातार दर्द की शिकायत थी, लेकिन स्टॉफ सिर्फ इंजेक्शन लगाकर चला जा रहा था। बुधवार दोपहर में अमृता बेहोश हो गई। पति द्वारा जूनियर रेजीडेंट से शिकायत करने पर मामला बिगड़ गया। जेआर ने फोन कर अन्य स्टॉफ को बुलाया और फिर प्रसूता के साथ मारपीट शुरू कर दी। बचाने आए परिजनों और अन्य तीमारदारों के साथ भी धक्का-मुक्की की गई। घटना के बाद पीड़ित परिवार एसपी कार्यालय पहुंचा, जहां प्रसूता की हालत बिगड़ने पर उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले में पुलिस और डॉक्टरों ने स्थिति को शांत करने का प्रयास किया है। यह घटना अस्पताल में मौजूद अन्य मरीजों और तीमारदारों में दहशत का कारण बन गई है।

## संक्षेप

### ब्रम्ह देव बाबा देव स्थल पर विशाल भंडारे व संकीर्तन का हुआ आयोजन

निगोहां।सैदापुर ग्राम में स्थित ब्रम्ह देव बाबा देव स्थल पर शनिवार को सुंदरकांड पाठ व विशाल भंडारे सहित संकीर्तन का आयोजन किया गया। यूपीसीएलडीएफ के पूर्व चेयरमैन व वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने बड़े बाबा के दरबार में मत्था टेकने के बाद कन्याओ को भोजन कराकर भंडारे का शुभारम्भ किया।भजन गायक रिंकू जायसवाल व गायिका कुमकुम साहू ने सुंदर सुंदर भजनो को सुनाकर श्रोताओ को मंत्रमुग्ध कर दिया।भंडारे का आयोजन समाजसेवी राम कुमार मिश्रा,विनीत मिश्रा व वरिष्ठ पत्रकार अनुपम मिश्रा द्वारा किया गया।जिसके बाद भंडारे में एडीएम न्यायिक हनुमान प्रसाद मौर्य,एसडीएम बृजेश वर्मा,एसीपी रज ?नीश वर्मा,इंस्पेक्टर अमर सिंह एसओ अनुज तिवारी,बार अध्यक्ष कौशलेन्द्र शुक्ला, जिलाध्यक्ष धीरू पांडे,समाजसेवी सुरेन्द्र दीक्षित,भाजपा नेता नागेश्वर द्विवेदी, पत्रकार एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक तिवारी,महामंत्री अखिलेश द्विवेदी,पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुरेन्द्र जायसवाल,पूर्व महामंत्री ललित मिश्रा समेत काफी संख्या में क्षेत्रीय लोगो ने भंडारे में पहुँचकर बड़े बाबा के दरबार में मत्था टेक कर प्रसाद ग्रहण किया।

### डीसीपी ने थाना समाधान दिवस में पहुंचकर फरियादियों की सुनी शिकायतें

निगोहां।शनिवार आयोजित थाना समाधान दिवस में डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल ने थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी समेत राजस्वकर्मियो की मौजूदगी में फरियादियों की शिकायतें सुनकर त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये।डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल से लिखित शिकायत करते हुये किसान अमरु निवासी बरगदिहाखेड़ा मजरा नंदौली ने शिकायत करते हुये बताया वो दो भाई है उसके छोटे भाई का नाम अमरनाथ है।

# डॉ. राजेश्वर सिंह की राम रथ बस सेवा: सामाजिक समरसता और श्रद्धा का संगम

## डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा सरोजनीनगर के श्रद्धालुओं को मिला दिव्य अयोध्या के दर्शन का अवसर

- डॉ. राजेश्वर सिंह की 37वीं रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा: पूरी हो रही अयोध्या दर्शन की आकांक्षा
- डॉ. राजेश्वर सिंह की नि:शुल्क बस सेवा से बुजुर्गों और महिलाओं को अयोध्या दर्शन कराया गया

अमन लेखनी समाचार




सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने नित नयी योजनओं से विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किये हैं। विधानसभा क्षेत्र के बुजुर्गों और महिलाओं को दिव्य - भव्य अयोध्या दर्शन कराने के लिए डॉ. सिंह द्वारा रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा (बस सेवा) संचलित है।शनिवार को 37वीं रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा का संचालन किया गया। विधायक द्वारा संचालित निःशुल्क बस सेवा से अयोध्या की पवित्र भूमि पर राममंदिर में श्रीरामलला के दर्शन कर, हनुमानगढ़ी में बजरंगबली और अन्य महत्वपूर्ण स्थलों के दर्शन कर श्रद्धालुओं ने दिव्यता और भक्ति का अद्भुत अनुभव प्राप्त किया।रविवार की सुबह रजनीखंड में विधायक की टीम द्वारा श्रद्धालुओं को पटका पहनाकर बस में बिठाया गया। सभी तीर्थयात्रियों में असाधारण जोश और उत्साह देखने को मिला।रास्ते भर भक्त जन सुन्दर काण्ड का पाठ करते, राम नाम के जयकारे लगाते और विधायक डॉ. सिंह के प्रयासों की प्रशंसा करते नजर आये। विधायक की टीम द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखते हुए यात्रा को सहज, सुरक्षित और यादगार बनाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए।घर से श्रद्धालुओं को सुरक्षित लाने-ले जाने, यात्रा के दौरान उत्तम भोजन, जलपान, और दर्शन की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई।इस अनूठी सेवा ने सभी यात्रियों को न केवल आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान की, बल्कि उनके मन में डॉ. राजेश्वर सिंह के प्रति आभार और सम्मान की भावना को और गहराई दी।

यह सेवा डॉ. राजेश्वर सिंह की माता तारा सिंह जी की स्मृति को समर्पित है और सरोजनीनगर परिवार के वृद्धजनों एवं मातृशक्ति के प्रति सम्मान, स्नेह, और कृतज्ञता का प्रतीक है।डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपनी संवेदनशीलता और सामाजिक प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए यह सुनिश्चित किया है कि अयोध्या दर्शन की आकांक्षा रखने वाले सभी श्रद्धालु इस यात्रा के माध्यम से अपनी इच्छाओं को साकार कर सकें।

डॉ. राजेश्वर सिंह का मानना है कि समाज की सेवा और समर्पण से ही सशक्त और सुखद भविष्य का निर्माण हो सकता है।उनकी यह यात्रा न केवल धार्मिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों को प्रोत्साहित करती है, बल्कि यह समाज के हर वर्ग के बीच समरसता और एकता का संदेश भी देती है। उनका यह संकल्प कि अयोध्या दर्शन की यह सेवा निरंतर जारी रहेगी। यात्रा में सम्मिलित श्रद्धालुओं ने इस व्यवस्था की सराहना करते हुए इसे जीवन का।

# फार्म हाउस से चोरी धान भरी आठ बोरियो के साथ दो चोर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



निगोहां। किसान के फार्म हाउस से चोरी हुयी हुयी आठ धान भरी बोरियो समेत दो शातिर चोरो को घटना में प्रयुक्त सफारी कार समेत गिरफ्तार किया।पुलिस ने शातिर चोरो को बरामद माल के साथ न्यायालय में पेश किया।जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया क्षेत्र के अहमदपुर खालसा गांव में बीती 22-23जनवरी की मध्यरात्रि किसान दुर्गेश कुमार राणा के फार्म हाउस के गेट का ताला तोड़कर अज्ञात चोर आठ धान भरी बोरिया जिनका वजन करीब साढे तीन कुंतल था चोरी कर ले गये थे।पीड़ित किसान की तहरीर पर अज्ञात चोरो पर मुकदमा दर्ज कर तलाश के लिये पुलिस टीमो को लगाया गया था।शनिवार को मुखबिर की सूचना पर चोरी की घटना में प्रयुक्त सफारी कार समेत दो शातिर चोरो को गिरफ्तार कर उनके पास से आठ धान भरी बोरिया बरामद की गयी।शातिर चोरो ने पुछताछ में अपना नाम देवेन्द्र उर्फ वीरेन्द्र निवासी अहमदपुर खालसा थाना निगोहां व संदीप निवासी कुशभिटा थाना नगराम बताया।पकड़े गये दोनो शातिर चोरो ने अपने साथियो बब्लू निवासी कुशभिटा व मिथुन कुमार निवासी आनन्दपुर थाना मोहनलालगंज के साथ मिलकर धान चोरी की घटना अजांम दिये जाने की बात कबूली।दोनो शातिर चोरो को बरामद माल के साथ पुलिस ने न्यायालय में पेश किया,जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया।वही फरार दोनो चोरो की पुलिस सरगर्मी से तलाश में जुट गयी है।

# एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा रास्ता बंद होते देख अंबेडकर पुरी वासियों ने शुरू किया विरोध

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ।एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा लंबे समय से टूटी पड़ी बाउंड्री वालों की मरम्मत किए जाने से रास्ता बंद होते देख सरोजनीनगर के बेहसा स्थित अंबेडकर पुरी वासियों ने विरोध शुरू कर दिया। वह रास्ते की मांग पर अड़ गए। बाद में सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने बाउंड्री वॉल मरम्मत का काम रुकवाने के साथ ही विरोध कर रहे लोगों को समझा बुझाकर शांत किया। बताते हैं कि कानपुर रोड स्थित हुंडई शोरूम के सामने से एक बहुत पुराना रास्ता अंबेडकरपुरी के लिए गया है। इसी रास्ते से यहां के लोग आते जाते रहे हैं। हालाकि यह रास्ता एयरपोर्ट का है और रास्ते के बगल ही एयरपोर्ट की बाउंड्री वॉल है, जो जगह-जगह टूटी पड़ी है। इसी टूटी बाउंड्री से होकर अंबेडकर पुरी वासी आते जाते थे। लेकिन बीते कई माह पहले एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा जगह-जगह टूटी बाउंड्री वॉल की मरम्मत का काम शुरू किया गया। तब रास्ता बंद होते देख अंबेडकर पुरी वासियों ने इस पर आपत्ति जताते हुए हंगामा प्रदर्शन किया था। उस दौरान अधिकारियों ने उस बाउंड्री वालों को छोड़ कुछ दूरी पर दूसरी रेडीमेड बाउंड्री वाल बना दी थी।लेकिन अब एयरपोर्ट अथॉरिटी ने टूटी बाउंड्री वॉल की मरम्मत कर उसे बंद करने का काम शुरू किया तो अंबेडकर पुरी वासी भड़क गए।रास्ता बंद होते देख उन्होंने विरोध करना शुरू कर दिया। उनका कहना था कि एयरपोर्ट से शहीद पथ को जोड़ने के लिए नई रोड बन जाने से उन्हें वैसे ही आने-जाने में दिक्कत हो रही थी।वह अब सीधे निकलने के बजाय उक्त रोड के किनारे सर्विस रोड होकर शहीद पथ पर निकल जाते थे। लेकिन अब पुरानी बाउंड्री वॉल बंद हो जाने से पूरे गांव के लोगों का पूरा रास्ता बंद हो जाएगा। बल्कि वह अब सर्विस रोड के जरिए शहीद पथ पर भी नहीं जा सकेंगे। इसलिए एयरपोर्ट प्रशासन पहले उन्हें आने-जाने के लिए रास्ता बना कर दे, तब अपनी टूटी बाउंड्री वॉल की मरम्मत कराए। हालाकि विरोध प्रदर्शन की सूचना पाकर पहुंची सरोजनी नगर पुलिस ने निर्माण कार्य के दौरान मौजूद अधिकारियों को समझा बुझाकर फिलहाल के लिए उसका काम रुकवा दिया। इसके बाद विरोध कर रहे लोग शांत हो गए। बताते हैं कि इस टूटी बाउंड्री वॉल की मरम्मत कर उसे बंद करने को लेकर बीती 14 जनवरी को एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से यहां के लोगों को नोटिस भी दी जा चुकी है। वही इस मामले को लेकर राजा बिजली पासी प्रथम वार्ड की पार्षद रजनी यादव ने सरोजनीनगर एसडीएम को पत्र देकर अंबेडकर पूरी वासियों के लिए रास्ते की मांग की है।
























































## संक्षेप

### जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर के भाई की हत्या

**सड़क को बनाने का ठेका लेता था, पुरानी रंजिश की वजह से वारदात को अंजाम दिया**

गाजियाबाद, थाना नंदग्राम क्षेत्र में एक सनसनीखेज वारदात में 35 वर्षीय सड़क ठेकेदार चंचल जाटव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। दीनदयाल पुरी नई बस्ती निवासी चंचल की हत्या के पीछे पुरानी रंजिश बताई जा रही है। मामले की जानकारी देते हुए डीसीपी सीटी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतक चंचल का भाई कुलदीप एक हिस्ट्रीशीटर है, जिस पर 17 आपराधिक मामले दर्ज हैं। वर्ष 2023 में कुलदीप ने गौरव नामक युवक पर जानलेवा हमला किया था, जिस मामले में वह फिलहाल जेल में बंद है। परिजनों का आरोप है कि इसी रंजिश का बदला लेने के लिए गौरव और उसके तीन साथियों ने चंचल की हत्या की है। पुलिस को जब गोली लगने की सूचना मिली, तो चंचल को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### व्यापारियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**कहा– स्पा सेंटर में चल रहा है सेक्स रैकेट, नाबालिग से कराया जा रहा गंदा काम**

मेरठ, स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे अवैध धंधों के खिलाफ व्यापारियों ने मोर्चा खोल दिया है। मेरठ व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष शैंकी वर्मा के नेतृत्व में व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों का आरोप है कि शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चल रहे स्पा सेंटर में सेक्स रैकेट का धंधा किया जा रहा है। व्यापारियों ने स्थानीय प्रशासन और पुलिस पर संरक्षण देने का गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि इसी कारण शहर में स्पा सेंटर की संख्या लगातार बढ़ रही है। हाल ही में एक दारोगा पर भी सेक्स रैकेट चलाने का आरोप लगा है, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई हैं। व्यापार मंडल के नेताओं ने चेतावनी दी है कि अगर स्पा सेंटरों पर कार्रवाई नहीं की गई तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे। उन्होंने बताया कि इस मामले में पहले भी कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। सबसे चिंताजनक बात यह है कि कुछ सेंटरों में नाबालिग लड़कियों से भी अवैध काम कराया जा रहा है।

### व्यापारियों का बवाल

**सामने लेटकर किया विरोध, दिल्ली–मेरठ मार्ग पर लगा जाम**

मोदीनगर, रूक्मणी मार्केट में अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान जमकर बवाल हुआ। नगर पालिका परिषद की टीम जब बुलडोजर लेकर पहुंची तो व्यापारियों ने जोरदार विरोध किया। व्यापारियों ने न केवल बुलडोजर के सामने लेटकर विरोध जताया, बल्कि दिल्ली-मेरठ मार्ग पर जाम भी लगा दिया। घटना दोपहर करीब 1 बजे की है। नगर पालिका परिषद ने एक सप्ताह पहले मार्केट के बाहर स्थित फलों की दुकानों को हटाने का नोटिस दिया था। इन दुकानों के कारण मार्ग पर आए दिन जाम की स्थिति बनती थी।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली



अमन लेखनी समाचार

बिंदकी/फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के बिंदकी कस्बे में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर यूपी जिला अधिकारी तथा पुलिस क्षेत्र अधिकारी की मौजूदगी में छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकाली गई तहसील परिसर में युवा मतदाताओं को डमी वोटर आईडी दी गई वहीं कोतवाली परिसर में शपथ दिलाई गई कस्बे में शनिवार को दिन में करीब 11:00 बजे से राष्ट्रीय जागरूकता दिवस के मौके पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। उप जिलाधिकारी प्रभाकर त्रिपाठी सीओ वीर सिंह, तहसीलदार अचिलेश कुमार तथा नायब तहसीलदार रचना यादव की मौजूदगी में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली बिंदकी कस्बे के तहसील परिसर से प्रारंभ हुई और तहसील रोड ललौली चौराहा सहित प्रमुख मार्गो में घूमी। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर तहसील परिसर में एक कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें गीत संगीत के साथ लोगों को जागरूक किया गया। उप जिलाधिकारी द्वारा नए मतदाताओं को वोटर आईडी की डमी दी गई। बूथ लेवल ऑफीसरों को भी प्रमाण पत्र दिए गए। कोतवाली बिंदकी परिसर में एसडीएम तथा सीओ ने मतदाता जागरूकता को लेकर शपथ दिलाई। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# पुलिस ने चोरी की बैटरी, तमंचा व नगदी के साथ दो आरोपी को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



बिंदकी, फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक धवल जयवावल द्वारा अपराध तथा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने चोरी की एक बैटरी के साथ दो आरोपियों को एक 315 बोर के तमंचा एक जिंदा कार्टून 2110 रुपए नगद तथा चोरी करने में प्रयुक्त किए गए सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया। खजुहा कस्बे के समीप से पुलिस ने एक तमंचा 2110 रुपए नगद तथा चोरी की एक बैटरी तथा अन्य सामान के साथ दो आरोपियों संदीप पासवान तथा अंकुश शर्मा दोनों निवासी नगुआपुर कोतवाली बिंदकी को गिरफ्तार कर लिया।

अपराध तथा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सटीक सूचना पर उपनिरीक्षक तथा खजुहा चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार सिंह मुख्य आरक्षी इमरान मुख्य आरक्षी सुनील शुक्ला व आरक्षी हरेंद्र गुर्जर ने 315 बोर के तमंचा एक जिंदा कारतूस 2110 रुपए नगद एवं पेचकस छेनी शबरी तथा चोरी की एक बैटरी के साथ खजुहा कस्बे के समीप से दो आरोपियों संदीप पासवान उम्र 20 वर्ष पुत्र बच्छौली पासवान निवासी नगवापुर कोतवाली बिंदकी जनपद फतेहपुर व अंकुश शर्मा उम्र 19 वर्ष पुत्र श्रवण कुमार शर्मा निवासी नगवापुर कोतवाली बिंदकी को गिरफ्तार कर लिया।

# डॉ० संदीप के मुख्य आतिथ्य में भव्य ध्वजारोहण जनकल्याण पदयात्रा एवं संत मिलन समारोह हुआ संपन्न

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

झाँसी। सिद्धेश्वर पहाड़ धाम आश्रम के नेतृत्व में भव्य ध्वजारोहण जनकल्याण पदयात्रा एवं संत मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन को सफल बनाने हेतु भागवताचार्य अनुराग मुनि महाराज दो माह से मौन व्रत रखे हुए थे, जिनकी अगुवाई में कार्यक्रम की शुरूआत जनकल्याण पदयात्रा के साथ हुई जो सिद्धेश्वर पहाड़ धाम रसीना से प्रारंभ होकर सिद्ध बाबा धाम मड़ोर पर समाप्त हुई। इस यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद के प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉ० संदीप सरावगी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के आगमन पर आयोजक मंडल द्वारा माल्यार्पण एवं तिलक कर स्वागत किया गया। इस यात्रा में सिद्धेश्वर धाम रसीना क्षेत्रवासी सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे। डीजे की धुन पर भक्तगण थिरकते और सनातन धर्म के गगनभेदी नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। यात्रा के समापन पर विशाल संत मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर युवा संत भागवताचार्य अनुराग मुनि महाराज ने कहा इस यात्रा के माध्यम से हम लोगों को जोड़कर सनातन धर्म का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। हम समस्त सनातन अनुयायियों से आव्हान करते हैं कि वे धार्मिक यात्राओं से जुड़कर पूरे विश्व में सनातन का परचम लहराने में सहयोग करें। इस अवसर पर संदीप नामदेव, आशीष विश्वकर्मा, अरुण पांचाल, अनुज प्रताप सिंह, बसंत गुप्ता, सुशांत गेड़ा, राकेश अहिरवार, राजू सेन, कमल मेहता, मास्टर मुन्नालाल आदि उपस्थित रहे।

# बिजली विभाग के निजीकरण के विरोध में कर्मचारियों का प्रदर्शन

- कहा– एनटीपीसी के 45% शेयर पहले ही निजी हाथों में

अमन लेखनी समाचार




बुलंदशहर, बिजली विभाग के निजीकरण के विरोध में संयुक्त बिजली कर्मचारी मोर्चा ने चीफ इंजीनियर कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। जेई संघ के नेता आरसी द्विवेदी ने बताया कि सरकार पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण करने जा रही है। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी का 45% हिस्सा पहले ही निजी हाथों में जा चुका है और अगर 6% और शेयर बिक जाते हैं, तो यह पूरी तरह से निजी कंपनी बन जाएगी। बिजली संविदा कर्मियों की यूनियन के नेता सुरेंद्र सिंह ने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार की आर्थिक उदारीकरण की नीतियों का सबसे ज्यादा असर कृषि क्षेत्र पर पड़ रहा है। उनका आरोप है कि सरकार कॉरपोरेट के फायदे के लिए कृषि क्षेत्र को उनके हवाले कर रही है। जिलाध्यक्ष बिजेंद्र यादव ने सरकार की मनमानी का विरोध करते हुए कहा कि इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कर्मचारी नेताओं ने केंद्र सरकार पर स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू न करने का आरोप भी लगाया। उनका कहना है कि किसानों की आय दोगुनी करने, कृषि लागत पर सब्सिडी बढ़ाने, कम ब्याज पर ऋण देने और फसल बीमा जैसे वादे झूठे साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार भी इन्हीं नीतियों पर चल रही है, जिससे किसानों का संकट और बढ़ गया है।

# प्रशासन किया एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

बकेवर, फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज थाना बकेवर पुलिस द्वारा केश नं0 76/2024 धारा 147/148/308/323/504/506 भा0द0वि0 व 3 (2) 5 क/3 (1) द/3 (1) ध एसीएटी एक्ट थाना बकेवर से सम्बंधित वारण्टी विनोद उर्फ पप्पू पुत्र सन्तोष मिश्रा उम्र करीब 50 वर्ष निवासी ग्राम भटपुरवा थाना बकेवर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया ।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राकेश चन्द्र शर्मा थाना कांस्टेबल राहुल यादव शामिल रहे।

# ग्रेटर नोएडा में शादी समारोह के दौरान खूनी संघर्ष

- पुराने विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, दोनों तरफ से 10 लोगों पर केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार




नोएडा, ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में एक शादी समारोह के दौरान पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। इस घटना में दोनों पक्षों के दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए, जिनका नोएडा के अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना शाम की है, जब देवेंद्र का भतीजा केशव एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। वहां पड़ोस के कुछ लोगों ने पुराने विवाद को लेकर उससे गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर डंडों से हमला कर दिया।


इस हमले में केशव गंभीर रूप से घायल हो गया। दूसरी तरफ, सर्वेंद्र ने आरोप लगाया कि जब उनके चाचा का बेटा कपिल शादी समारोह में गया था, तब केशव, देवेंद्र और धर्मी ने रंजिश के चलते उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया।

दनकौर कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर कुल 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक पक्ष की शिकायत पर सर्वेंद्र, परविंद्र, मनिंद्रा उर्फ भूरा, रणदीप, टालामल, कपिल और देवेश के खिलाफ, जबकि दूसरे पक्ष की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# फ्लैट के नाम पर ठगे 31 लाख

## कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने सुपरटेक के निदेशक समेत 5 पर मुकदमा

अमन लेखनी समाचार




नोएडा, फ्लैट देने के नाम पर सुपरटेक बिल्डर पर करीब 31 लाख रुपए हड़पने का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति ने थाना सेक्टर-58 में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर कंपनी के मालिक, उनकी पत्नी, पुत्र और निदेशक समेत पांच के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिसरख थाना क्षेत्र के गांव चिपियाना बुजुर्ग निवासी भूपेंद्र सिंह ने कोर्ट में दी याचिका में बताया कि साल 2012 में उन्हें एक फ्लैट की आवश्यकता थी। इसके लिए उन्होंने सेक्टर-58 के बी ब्लॉक सुपरटेक हाऊस स्थित ऑफिस में मुलाकात कंपनी के मालिक आरके अरोड़ा, इनकी पत्नी संगीता अरोड़ा, पुत्र मोहित आरोड़ा और निदेशक गुलशन लाल खेरा से की। इन लोगों ने ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-16 स्थित प्रोजेक्ट इको विलेज-दो में एक फ्लैट देने की बात की। प्रोजेक्ट देखकर शिकायतकर्ता फ्लैट खरीदने के लिए तैयार हो गए। उन्होंने सी टावर स्थित 13वीं मंजिल फ्लैट बुक किया। समझौते के तहत 22 जनवरी 2013 को फ्लैट का आवंटन पत्र एमएस सुपरटेक लिमिटेड एंड भूपेंद्र सिंह के नाम से हुआ। फ्लैट खरीदने के लिए पीड़ित ने 30 लाख 93 हजार 32 रुपए का भुगतान अलग-अलग समय पर नकद व चेक के माध्यम से बिल्डर कंपनी को किया। साल 2015 में फ्लैट का पजेशन देने का आश्वासन दिया। भुगतान लेने के बाद फ्लैट नहीं दिया। जांच करने पर पता चला कि आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज तैयार करके किसी अन्य को बेच दिया है। एडीसीपी मनीष कुमार मिश्र का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जांच कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं सुपरटेक प्रबंधन का इस संबंध में कहना है कि उन्हें अभी मामले की कोई जानकारी नहीं है।

# पुलिस और गो तस्करों के बीच फायरिंग

**एक बदमाश के पैर में गोली लगी, तीन फरार; गोकशी के औजार और तमंचा बरामद**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, मोदीनगर में देर रात पुलिस और गो तस्करों के बीच हुई मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हो गया, जबकि तीन अन्य फरार हो गए। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय के अनुसार, रात करीब एक बजे भोजपुर पुलिस गश्त के दौरान दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे के अंडरपास के नीचे एक संदिग्ध कार में बैठे चार व्यक्तियों को देखा। पुलिस द्वारा पूछताछ का प्रयास करने पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी।

जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लग गई, जबकि तीन अन्य अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों के रास्ते फरार हो गए। घायल बदमाश ने अपनी पहचान ग्राम कलछीना, थाना भोजपुर निवासी रोशन पुत्र वकील के रूप में बताई। उसने अपने फरार साथियों के नाम हबीब, हनीफ और काले बताए। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि वे गौकशी की योजना बना रहे थे और एक महीने पहले भी इसी कार का इस्तेमाल गौमांस की तस्करी में किया था। पुलिस ने मौके से गोकशी के औजार, एक तमंचा, जिंदा कारतूस और खोखा कारतूस बरामद किए हैं। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। फरार बदमाशों की तलाश के लिए पुलिस ने चार टीमों का गठन किया है।


### व्यापारियों का बवाल

**सामने लेटकर किया विरोध, दिल्ली–मेरठ मार्ग पर लगा जाम**

अमन लेखनी समाचार

मोदीनगर, रूक्मणी मार्केट में अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान जमकर बवाल हुआ। नगर पालिका परिषद की टीम जब बुलडोजर लेकर पहुंची तो व्यापारियों ने जोरदार विरोध किया। व्यापारियों ने न केवल बुलडोजर के सामने लेटकर विरोध जताया, बल्कि दिल्ली-मेरठ मार्ग पर जाम भी लगा दिया। घटना दोपहर करीब 1 बजे की है। नगर पालिका परिषद ने एक सप्ताह पहले मार्केट के बाहर स्थित फलों की दुकानों को हटाने का नोटिस दिया था। इन दुकानों के कारण मार्ग पर आए दिन जाम की स्थिति बनती थी। जब पालिका की टीम पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाने पहुंची, तो व्यापारियों ने नारेबाजी शुरू कर दी और कई लोग बुलडोजर के सामने लेट गए।


# दहशत फैलाने वाले 3 बदमाश पकड़े

**स्थानीय लोगों से मारपीट और हवाई फायरिंग की थी, तमंचा–कारतूस और चाकू बरामद**

अमन लेखनी समाचार




गाजियाबाद, दबंगई दिखाने वाले तीन शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शालीमार गार्डन थाना पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध हथियार भी बरामद किए हैं। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल के अनुसार, आशीष, सलमान और शाहरुख नाम के इन बदमाशों ने 21 जनवरी की रात शालीमार गार्डन की गली नंबर एक में स्थानीय लोगों के साथ मारपीट की और दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग भी की। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि तीनों आरोपी इलाके में अपना दबदबा कायम करने के लिए लोगों को धमकाते थे।

जब कपिल, सोनू और उनके जीजा ने इनकी हरकतों का विरोध किया, तो इन बदमाशों ने उनके साथ मारपीट की और डराने के लिए हवाई फायरिंग कर दी। आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे लोगों में खौफ पैदा करने के लिए ऐसी घटनाएं करते हैं और हमेशा अपने साथ तमंचा और चाकू रखते हैं। पुलिस ने आरोपियों से एक तमंचा, कारतूस और दो चाकू बरामद किए हैं। अब पुलिस इन तीनों की अन्य आपराधिक गतिविधियों की जांच कर रही है। इस गिरफ्तारी से इलाके के लोगों में राहत की लहर है, जो लंबे समय से इन बदमाशों की दबंगई से परेशान थे।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
अरविंद कुमार गुप्ता
प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय कचीर, ब्लॉक - बामौर झांसी

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
अवधेश प्रताप सिंह बुंदेला
वन क्षेत्राधिकारी बामौर, रेंज गरौठा - झांसी

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
संदीप सिंह परिहार अध्यक्ष
साधन सहकारी समिति (बी. पैक्स) लि. ककरवई, तहसील - गरौठा (झांसी)

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
राजेंद्र कुमार तिवारी
(राजू तिवारी)
ग्राम प्रधान ककरवई, ब्लॉक - बामौर (झांसी)

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
मान खां (समाजसेवी)
ग्राम मड़ोरी, गुरसरांय (झांसी)
जिला महासचिव झांसी (मानवाधिकार प्रशासनिक संस्थान दिल्ली)

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
आलोक मिश्रा
एपीओ
ब्लॉक कैसरगंज, जनपद बहराइच

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
आशीष
ग्राम विकास अधिकारी
कैसरगंज जनपद बहराइच

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
पंकज कुमार सिंह
कृषि विभाग अधिकारी
कैसरगंज जनपद बहराइच

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
राम सूरत
प्रधान
ग्राम पंचायत एनी अलहियापुर
कैसरगंज जनपद बहराइच

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
प्रज्ञा यादव
सब रजिस्ट्रार
कैसरगंज जनपद बहराइच

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
रवि खोखर
पुलिस क्षेत्राधिकारी
कैसरगंज जनपद बहराइच

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
आलोक प्रसाद
आईएएस
ज्वाइंट मजिस्ट्रेट
कैसरगंज जनपद बहराइच

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
अभयराज पाण्डेय
तहसीलदार कैसरगंज
जनपद बहराइच

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
हरेंद्र मिश्र
प्रभारी निरीक्षक
थाना कैसरगंज, जनपद बहराइच

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
शिव कुमार वर्मा
प्रधान
तखवा, ब्लॉक फखरपुर
जनपद बहराइच

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
हरिकेश भास्कर
प्रधान
पुरैनी, ब्लॉक कैसरगंज
जनपद बहराइच

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
श्याम सिंह वर्मा
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत भकला
ब्लॉक कैसरगंज जनपद बहराइच

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
रवि कुमार वैश्य
प्रोपराइटर
रवि जनरल स्टोर,
रुपईडीहा जनपद बहराइच

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
आनंद भूषण मिश्र
संकुल प्रभारी
न्याय पंचायत केवलपुर
ब्लॉक नवाबगंज जनपद बहराइच

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
श्रीमती आलिया खातून
प्रधानाध्यापिका
प्राथमिक विद्यालय रुपईडीहा
ब्लॉक नवाबगंज जनपद बहराइच

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
श्रीमती शीबा तरन्नुम
प्रधानाध्यापिका
प्राथमिक विद्यालय रुपईडीहा गांव
ब्लॉक नवाबगंज जनपद बहराइच

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
भाई जमालुद्दीन रायनी
अध्यक्ष
टैक्सी ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन
रुपईडीहा, बहराइच

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
सिराज अहमद
एडवोकेट/समाजसेवी
कैसरगंज जनपद बहराइच

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
भाई मोहम्मद आरिफ
शिक्षक
रुक्मिणी देवी जूनियर हाई स्कूल रुपईडीहा
जनपद बहराइच

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
योगेंद्र शर्मा
वरिष्ठ महामंत्री
उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल
नगर पंचायत रुपईडीहा, जनपद बहराइच

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
खेसाल फारूकी
सदर सीरत कमेटी
रुपईडीहा जनपद बहराइच

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
जफेदार वर्मा
जिला कार्यकारिणी सदस्य
अपना दल (एस), बहराइच

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
रमेश चंद्र आर्य
प्राचार्य
रुक्मिणी देवी जूनियर हाई स्कूल रुपईडीहा
जनपद बहराइच

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
कैलाश नाथ वर्मा
प्रधानाध्यापक
संविलियन विद्यालय जिगरिया
ब्लॉक नवाबगंज जनपद बहराइच

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
भूपेंद्र कुमार सिंह
ब्लॉक अध्यक्ष
उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ नवाबगंज (बहराइच)

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
डॉ आरएन वर्मा
अधीक्षक
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा
बहराइच

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
डॉ हरीशचंद्र (बंटू भैया)
प्रिंसिपल
श्री राम जानकी इंटर कॉलेज रुपईडीहा
पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज (बहराइच)

गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामना
मोहम्मद अफजल
समाजसेवी
ग्राम पंचायत वीरपुर सोरहिया
(नवाबगंज)
जनपद बहराइच